FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 6 — विषय : हिन्दी

PAPER CODE : 6013 — पूर्णांक : 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-602 - सुनी, देखी गई बातों; जैसे- स्थानीय सामाजिक घटनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर बेझिझक बात करते हैं और प्रश्न करते हैं।

गतिविधि 1. चलो बताओ

यातायात के तीन चिन्हों में दिए गए संदेशों को सोच कर लिखिए तथा इसका महत्व भी लिखिए।

i. ii. iii.

गतिविधि 2. इन्हें भी जानो

इस चित्र को देखकर निम्नाँकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

- यह चित्र किनका है ?
- ये कहाँ की रानी थीं ?
- इनके बारे में प्रचलित किसी कहानी को अपने शब्दों में कक्षा को सुनाइये। इसके पश्चात् इस कहानी को लिखिए।

गतिविधि 3. मेरी राय में

एक नदी के किनारे नगर का चित्र बनाइये। इसे सोन नदी तथा नगर को जनकपुर मानते हुए इसकी पाँच विशेष बातों को अपने शब्दों में लिखिए।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-603 - देखी, सुनी रचनाओं/घटनाओं/मुद्दों पर बातचीत को अपने ढंग से आगे बढ़ाते हैं जैसे-किसी कहानी को आगे बढ़ाना।

गतिविधि 4. आओ पत्र लिखे

चार्ट पेपर काटकर इस चित्र को देखकर पोस्ट कार्ड बनाइये और उस पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।



गतिविधि 5. आपस की चर्चा

आपके विद्यालय में पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए क्या किया जा सकता है छात्र समूह में चर्चा करें। इसके पश्चात् प्रत्येक समूह कक्षा को अपनी बात बताये।

गतिविधि 6. इन्हें पहचानो

अपनी कक्षा के कुछ छात्रों का विवरण अपने शब्दों में दीजिए, जिसमें उनकी वेशभूषा, शारीरिक बनावट एवं स्वभाव का वर्णन हो। अब दूसरे छात्रों को उस छात्र का नाम बताने को कहे।